तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 1 अगस्त 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 एल्डरमैन जनसेवा और विकास की कड़ी, भिंभौरी को नई ...

10 ग्राम पंडरीपानी के स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा की राह ...

खबर संक्षेप

दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में दो ग्रामीणों की मौत

बेमेतरा/थान खम्हरिया। कवर्धा-बेमेतरा हाईवे पर थाना खम्हरिया क्षेत्र के ग्राम अगरी के तेंदो मोड़ के पास शुक्रवार शाम करीब 4 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि दोनों बाइकों का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के अनुसार, बेमेतरा की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेटी 8302 पर सवार ग्राम रमपुरा निवासी रेवाराम सतनामी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कवर्धा की ओर से आ रही हीरो स्प्लेंडर सीजी 25 एल 1317 के चालक को गंभीर अवस्था में दशरंगपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना खम्हरिया, दशरंगपुर चौकी, दाढ़ी एवं खंडसरा चौकी का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

एसडीओपी ने ग्रामीणों को दी समझाइश: एसडीओपी भूषण एक्का ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों को समझाइश दी। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया और हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका। ▶▶| शेष पेज 11 पर

चातुर्मास में भगवान शिव संभालते हैं संपूर्ण सृष्टि का पालन : शंकराचार्य

सावन में शिव आराधना और नियमित जीवन के महत्व पर दिया आध्यात्मिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सनातन परंपरा में चातुर्मास का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। जब सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक योगनिद्रा में रहते हैं, तब संपूर्ण जगत के पालन-पोषण का दायित्व भगवान शिव निभाते हैं। यह बात ज्योतिर्मठ के पूज्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सलधा में आयोजित चातुर्मास्य प्रवास के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। शंकराचार्य ने कहा कि भगवान विष्णु की दिनचर्या पूर्णतः नियमबद्ध है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को वे योगनिद्रा में प्रवेश करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागृत होकर पुनः सृष्टि का पालन आरंभ करते हैं। इस अवधि में भगवान शिव माता भवानी के साथ मिलकर संपूर्ण संसार का भरण-पोषण करते हैं। इसी कारण सावन मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है। शंकराचार्य ने भगवान सूर्य की नियमितता का उल्लेख करते ▶▶| शेष पेज 11 पर

- सलधा चातुर्मास्य प्रवास में बोले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

हरीश्वर की कथा का भी हुआ वाचन

इस अवसर पर उन्होंने 'हरीश्वर' की पावन कथा का भी भावपूर्ण वाचन किया। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि सलधा में चातुर्मास्य प्रवास के दौरान प्रतिदिन भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों एवं उनकी दिव्य लीलाओं पर शंकराचार्य के प्रवचन होंगे। कार्यक्रम का संचालन आनंद उपाध्याय ने किया तथा अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने किया। कार्यक्रम में साध्वी पूर्णांबा, साध्वी शारदाम्बा, ब्रह्मचारीगण, वैदिक पाठी विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्रवाई

इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में फर्जी ऋण, करोड़ों की धोखाधड़ी

बैंक घोटाले का चार साल से फरार आरोपी विनीत पुलिस शिकंजे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंडियन ओवरसीज बैंक की स्थानीय शाखा में करीब 14 करोड़ 56 लाख रुपए के बहुचर्चित बैंक घोटाले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी एवं तत्कालीन शाखा प्रबंधक विनीत दास को सिटी कोतवाली पुलिस ने तमिलनाडु के तंजावुर से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बेमेतरा ले आई है। आरोपी चार साल से फरार था। बताया जा रहा है कि पूरे मामले का मास्टर माइंट शाखा प्रबंधक था।

उल्लेखनीय है कि बैंक की आंतरिक जांच में 180 ऋण खातों की जांच के दौरान करीब 16.01 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन और गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं। जांच रिपोर्ट के अनुसार कई मामलों में ऐसे लोगों के नाम पर ऋण स्वीकृत कर दिए गए जिनकी यूनिट अस्तित्व में ही नहीं थी या पहले से बंद हो चुकी थी। स्वयं सहायता समूहों एसएचजी को नियमों से अधिक राशि स्वीकृत की गई। बिना खाताधारकों की जानकारी के खातों के बीच धनराशि ▶▶| शेष पेज 11 पर

बिचौलियों के जरिए रचा गया करोड़ों का खेल

बैंक की जांच रिपोर्ट के मुताबिक कमलेश सिन्हा, जोहन सिंह वर्मा, नागेश कुमार वर्मा और टीकाराम माथुर बैंक और ऋण लेने वालों के बीच बिचौलियों की भूमिका निभा रहे थे। आरोप है कि इन लोगों ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक के साथ मिलकर पात्रता की अनदेखी करते हुए अंधाधुंध ऋण स्वीकृत कराए। कई ऋणों की राशि निर्धारित उद्देश्य के बजाय अन्य कार्यों में खर्च कर दी गई, जबकि शाखा स्तर पर इसकी निगरानी भी नहीं की गई।

▸▸ तत्कालीन शाखा प्रबंधक को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर बेमेतरा लाई

जांच जारी, और बड़े खुलासे की संभावना

पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर बैंक घोटाले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। विवेचना के दौरान करोड़ों रुपये के इस वित्तीय घोटाले में और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

चार हो चुके हैं गिरफ्तार, अब मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में

जांच के दौरान पुलिस पहले ही कमलेश सिन्हा, जोहन सिंह वर्मा, नागेश कुमार वर्मा और टीकाराम माथुर को गिरफ्तार कर चुकी थी। मुख्य आरोपी विनीत दास लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के बाद उसे 29 जुलाई को तमिलनाडु के तंजावुर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर बेमेतरा लाया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है।

वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में हुई कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य के सतत मॉनिटरिंग तथा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोनल ग्वाला के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र कश्यप सहित सिटी कोतवाली के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेमेतरा को बनाएं प्रदेश का अग्रणी जिला : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सेवा, शिद्दत और संकल्प के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए बेमेतरा को विकास के हर क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला बनाने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि जनता को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी पूर्व नियोजित कार्ययोजना के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करें तथा जनसेवक की भावना से कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित आत्ममूल्यांकन कर कमियों को दूर करने और बेहतर परिणाम देने की भी सलाह दी। ▶▶| शेष पेज 11 पर

- जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाएगी: प्रतिष्ठा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि विकसित बेमेतरा के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, पेयजल और रोजगार जैसे क्षेत्रों में समयबद्ध लक्ष्य तय कर प्रत्येक विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से बचाव के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में चौबीस घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। तैनात कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति में नोडल अधिकारी बाढ़ एवं आपदा नियत्रंण, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शार्दुल को पर तत्काल सूचित करेंगे।

जिले में 352.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

कवर्धा। जिले में एक जून से आज तक 352.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 350.5 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 294.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 312.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 268.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 365.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 249.6 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 474.1 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 504.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 31 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 18.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 15.3 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 13.1 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 22.6 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 13.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 35.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 20.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 16.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। आदिवासी विकास विभाग, कबीरधाम द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में वर्ष 2026-27 के लिए शासन द्वारा स्वीकृत सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के बाद कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। इन रिक्त सीटों पर पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश देकर छात्रावास एवं आश्रम की आवासीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। ने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन प्रस्तुत कर छात्रावास एवं आश्रम की आवासीय सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

जिले भर में बेसहारा गौवंश बना किसानों और राहगीरों के लिए बड़ी चुनौती

- किसानों ने शासन-प्रशासन से की स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में बेसहारा गौवंश की बढ़ती संख्या किसानों और आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। एक ओर सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर रात के समय यही मवेशी किसानों की खड़ी फसलों को चरकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि इस समस्या से उनकी आजीविका पर सीधा संकट खड़ा हो गया है। एक अनुमान के अनुसार जिले में प्रतिदिन औसतन तीन से चार गौवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। वहीं, रात के समय खेतों में पहुंचने वाले बेसहारा गौवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे दिनभर खेतों की रखवाली तो कर लेते हैं, लेकिन पूरी रात जागकर फसलों की सुरक्षा करना संभव नहीं है। किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि खेती ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है।

बेसहारा गौवंश के कारण फसलों के लगातार नुकसान से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उन्हें जानकारी मिली थी कि भोरमदेव क्षेत्र में बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए गौ अभयारण्य बनाया जाएगा, जहां जिलेभर के बेसहारा गोवंश को रखा जाएगा। हालांकि, आज तक इस योजना पर कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी है।

न तो गौ अभयारण्य अस्तित्व में आया और न ही बेसहारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। किसानों का कहना है कि राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद सड़कों पर गौ माता की लगातार हो रही मौतें और किसानों की फसलों की बर्बादी चिंता का विषय है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए सरकार से मांग की कि गौ माता के संरक्षण और किसानों की आजीविका दोनों को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

प्रायः हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में हो रही गौवंश की मौत

जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में लगभग हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की मौत हो रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते एक सप्ताह के भीतर इंदौरी नगरीय क्षेत्र में ही आधा दर्जन गौवंश सड़क हादसों का शिकार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के मौसम में गांवों के गोठानों में कीचड़ और गंदगी होने के कारण गौवंश सड़कों पर ही डेरा डाल लेते हैं। रात होने पर यही मवेशी खेतों में पहुंचकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

समस्या: गांव में स्कूल नहीं, उफनती नदी व नाला को पार कर जाते हैं भेड़ागढ़

ग्राम पंडरीपानी के स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा की राह आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक ओर सरकार हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित शिक्षा पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्राम पंडरीखार की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। गांव में शासकीय विद्यालय नहीं होने के कारण मासूम बच्चों को प्रतिदिन उफनती नदी और तेज बहाव वाले नाले को पार कर दूसरे गांव के स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह सफर जानलेवा बन जाता है, लेकिन शिक्षा के प्रति जज्बा ऐसा है कि खतरे के बावजूद बच्चे रोज स्कूल जाने को मजबूर हैं।

कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्राम पंडरीखार में शिक्षा व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई है। गांव में आज तक शासकीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसका खामियाजा यहां के छोटे-छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें प्रतिदिन पढ़ाई के लिए ग्राम पंचायत भेड़ागढ़ स्थित शासकीय विद्यालय जाना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह सफर बेहद खतरनाक हो जाता है।

स्कूल पहुंचने के लिए बच्चों को उफनती नदी और तेज बहाव वाले नाले को पार करना पड़ता है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढने से हर दिन हादसे का खतरा बना रहता है। नन्हे कंधों पर स्कूल बैग और हाथों में किताबें लिए बहते पानी के बीच स्कूल जाते बच्चों का दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने वाला है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पानी का बहाव इतना तेज हो जाता है कि बच्चों को नदी पार कराने के लिए अभिभावकों को भी साथ जाना पड़ता है। हर दिन माता-पिता इस डर के साथ बच्चों को स्कूल भेजते हैं कि वे सुरक्षित वापस लौट आएंगे या नहीं। इसके बावजूद शिक्षा के प्रति बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ है और वे तमाम जोखिमों के बीच अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है।

कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष गांव में शासकीय विद्यालय खोलने तथा नदी पर पुल या पुलिया निर्माण की मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। नतीजतन हर वर्ष बरसात के दौरान बच्चों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा, जब बच्चों को सुरक्षित वातावरण और सुरक्षित आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि ग्राम पंडरीखार में शीघ्र शासकीय विद्यालय खोला जाए। यदि तत्काल स्कूल खोलना संभव नहीं है, तो बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए नदी पर स्थायी पुल अथवा पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने की मजबूरी से मुक्ति मिल सके।

वर्षों से उठ रही मांग, समाधान नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि पंडरीखार में शासकीय विद्यालय और नदी पर पुल निर्माण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। पंचायत स्तर से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक समस्या पहुंचाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर बरसात में हालात पहले जैसे ही बने रहते हैं और बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है।

शिक्षा का अधिकार तभी होगा सार्थक, जब रास्ता भी होगा सुरक्षित

विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा केवल विद्यालय में प्रवेश दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में स्कूल पहुंचाना भी शासन की जिम्मेदारी है। पंडरीखार जैसे गांवों की स्थिति बताती है कि आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार को ऐसे संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी दुर्घटना से पहले बच्चों को सुरक्षित शिक्षा का अधिकार मिल सके।

बोड़ला कांग्रेस का विद्युत कार्यालय में हल्लाबोल

- स्मार्ट मीटर नहीं, जनता को लूटने का हथियार : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पोड़ी में बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का गुस्सा शुक्रवार को पोड़ी में खुलकर सामने आया।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छबिलाल वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात और आर्थिक लूट का आरोप लगाया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश का हर वर्ग संकट में है। महंगे बिजली बिलों ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है, किसान खाद-बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं, महिलाएं बढ़ती महंगाई में घर चलाने को मजबूर हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों की जेब काटी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों में खाद नहीं है, जबकि निजी दुकानों में खुलेआम ऊंचे दामों पर खाद उपलब्ध है।

यह सरकार किसानों और गरीबों की नहीं, बल्कि मुनाफाखोरों की सरकार बनकर रह गई है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीना मुश्किल कर दिया है। किसान खाद, बीज और उर्वरक के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है।

कार्यक्रम में प्रमुखरूप से प्रदेश सचिव वीरेन्द्र जांगड़े,कवर्धा शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, मणिकांत त्रिपाठी, घनश्याम साहू, उत्तर दिवाकर, प्रभाती मरकाम, महेश चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, मनीष शर्मा, भीषण पांडेय, सुधांशु बघेल, ख़ोरबहरा साहू, राजेंद्र साहू, लखन सिंह राजपूत, चंद्रभान कोसले, अन्नपूर्णा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय सावन महोत्सव में देश के वीर सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिला स्तरीय सावन महोत्सव के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल बोड़ला की मंडल अध्यक्ष श्रीमती विद्या श्रीवास एवं मंडल महामंत्री कौशिल्या यादव मंत्री सुशीला साहू लता मानिकपुरी द्वारा देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रक्षा सूत्र राखी समर्पित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं विशिष्ट अतिथियों श्रीमती रश्मि शर्मा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी, श्रीमती शीतल नायक महिला मोर्चा दुर्ग संभाग प्रभारी, श्रीमती दिव्या कलिहारी जिला प्रभारी तथा श्रीमती मधु राय सह प्रभारी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष को रक्षा सूत्र सौंपे गए, जिन्हें देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों तक भेजा जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने भारतीय सेना के शौर्य, त्याग और समर्पण को नमन करते हुए रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सैनिकों के प्रति सम्मान एवं स्नेह का संदेश दिया। कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा।

35 दिनों में आबकारी विभाग के 143 छापे, 113 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आबकारी आयुक्त पदुम सिंह एल्मा एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मुकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला आबकारी विभाग द्वारा 25 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक जिलेभर में सघन छापामार कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की गई है। विशेष अभियान के दौरान आबकारी विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 143 छापेमार कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 113 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 06 गैर-जमानतीय प्रकरण तथा 02 अन्य राज्य मध्यप्रदेश की मदिरा से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने बताया कार्रवाई के दौरान विभाग ने कुल 145.81 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की।

इसमें 124.05 बल्क लीटर देशी मदिरा, 9.76 बल्क लीटर विदेशी मदिरा तथा 12.00 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब शामिल है। जब्त की गई मदिरा में 13.54 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा भी सम्मिलित है, जिसे अवैध रूप से जिले में लाया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अवैध मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त 03 दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। जब्त मदिरा, वाहनों एवं अन्य सामग्रियों का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 1,60,521 आंका गया है।

घोंघा स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया मान छात्राएं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कबीरधाम की प्रथम बैठक जिला मुख्य आयुक्त, जिला सचिव और सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल घोंघा की चार प्रतिभाशाली छात्राओं खिलेश्वरी पटेल, दीपा पटेल, नेहा तिलगाम और आरती पटेल को सत्र 2025-26 की राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की स्काउट-गाइड गतिविधियां संस्था की व्याख्याता एवं गाइड कैप्टन सुश्री भगवती हठीले तथा स्काउट मास्टर राजेश कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रही हैं। इनके निरंतर प्रयास से विद्यालय के छात्र-छात्राएं जिला व राज्य स्तरीय आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी का परिणाम है कि बीते 5 वर्षों में विद्यालय की कुल 25 छात्राएं प्रतिष्ठित 'राज्यपाल पुरस्कार' से सम्मानित हो चुकी हैं।

बैठक के दौरान जिला आयुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा स्काउट एवं गाइड की गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, ईमानदारी, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित करती हैं।

छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य रामकुमार बघेल, व्याख्याता हेमंत कुमार सोनी, ब्रजेश कुमार गुप्ता एवं श्रीमती अनिमा एक्का ने सभी पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दैनिक उपयोग की मनमोहक सामग्रियों, खाद्य पदार्थ और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सजेगी बगिया

भोरमदेव के आंगन में 2 अगस्त से सजेगा संभागीय सरस मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन के पवित्र महीने में बाबा भोरमदेव के आंगन पर संभागीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों द्वारा निर्मित शुद्ध स्वदेशी प्राकृतिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का भव्य प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।

यह आयोजन 02 अगस्त से 06 अगस्त 2026 तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम पंचायत चैरा विकासखंड बोड़ला में होगा। विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर की पावन एवं ऐतिहासिक धरा पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं बल्कि ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय संस्कृति का महोत्सव भी है। यहाँ आपको एक ही स्थान पर ताजे एवं पौष्टिक मिलेट उत्पाद, स्वादिष्ट घरेलू खाद्य सामग्री, वनोपज आधारित उत्पाद जैसे चार चिरौंजी, महुआ एवं अन्य स्थानीय उत्पाद मिलेंगे।

इसके साथ ही हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा सामग्री बाँस एवं बेंत से बने आकर्षक उत्पाद घरेलू सजावटी वस्तुएँ, पारंपरिक परिधान तथा अनेक प्रकार के अन्य उपयोगी स्वदेशी सामग्रियां भी उपलब्ध होगी। 2 अगस्त से प्रारंभ होने वाले पांच दिवसीय संभागीय सरस मेले के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से निर्मित विभिन्न उपयोगी वस्तुओं एवं जैविक खाद्य सामग्रियों का उत्पादन करते हुए बहुत ही कम दर पर आम जनता के लिए विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जाता है। इन उत्पादों में ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भर भारत का संदेश है। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे कहा कि आपकी प्रत्येक खरीदारी एक ग्रामीण परिवार की आय बढ़ाती है और महिला उद्यमी का आत्मविश्वास मजबूत करते हुए वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करता है। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा जिसमें लोकनृत्य, लोकगीत की प्रस्तुति विभिन्न कलाकारों द्वारा दी जाएगी। संभागीय सरस मेला में आकर्षक उत्पादकों की प्रदर्शनी सह विक्रय के साथ कला एवं परंपरा की रंगारंग प्रस्तुतियां आपका मन मोह लेंगी।मेले में सभी आयु वर्ग के लिए अनेक सामग्रियां उपलब्ध रहेंगी।।

सरस मेला में लगाए जाएंगे लगभग 45 से 50 स्टॉल

उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेले में दुर्ग संभाग के कबीरधाम सहित जिला दुर्ग, बालोद, राजनंदगांव, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अतिरिक्त अन्य जिलों की महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा उत्पादित आकर्षक सामग्रियों की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए लगभग 45 से 50 स्टॉल लगाया जाएगा। 2 अगस्त से 6 अगस्त तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम चैरा में आयोजित होने वाले संभागीय सरस मेले का परिवार, मित्रों और प्रियजनों के साथ आनंद उठाया जा सकता है।

कुण्डा नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति पर आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रशिक्षित मांग सामुदायिक भवन की स्थापना एवं निर्माण की स्वीकृति आज विधायक भावना बोहरा की पहल से पूरा हुआ की हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है।

उक्त बात सेवा सहकारी समिति कुण्डा के अध्यक्ष अमन खनूजा ने कहा उन्होंने बताया कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा के पहल पर नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुण्डा में 2 करोड़ 50 लाख रु की लागत से नवीन सामुदायिक केंद्र की स्थापना एवं भव्य भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कुण्डा एवं क्षेत्रवासियों को बेहतर त्वरित और सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सकों विशेषज्ञों नर्सिंग स्टॉप लैब टेक्नीशियन सहित 56 नए पदों के सृजन की स्वीकृति की सूची जारी की गई है कुण्डा क्षेत्र की इस बड़ी उपलब्धि के लिए सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा ने कुण्डा वासियों एवं क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक भावना बोहरा का आभार जताया।

खबर संक्षेप

संत रविदास जयंती पर मनाया दीप उत्सव

सेलूद। जिला भाजपा दुर्ग के निर्देश पर पाटन मंडल ने स्थानीय मंदिर में गुरु रविदास के 650 वी जन्मदिन पर दीप उत्सव का कार्यक्रम रखा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद , वरिष्ठ भाजपा नेता केशव बंछोर, बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुणाल वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा के युनिका वर्मा और अतीश सपहा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

शैलदेवी महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए भावपूर्ण देशभक्ति गीत, भाषण और कविता पाठ किए। वहीं कारगिल युद्ध के इतिहास, कैप्टन विक्रम बत्रा और मनोज कुमार पांडे जैसे शूरवीरों के बलिदान और 'ऑपरेशन विजय' की सफलता पर अपने विचार रखे। प्राचार्य नेअपने संबोधन में विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस का महत्व बताया।

यादव समाज की प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

सेलूद। छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ एवं एकादश उत्थान यादव कल्याण संघ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर में मुख्य अतिथि सेवा निवृत सत्र न्यायाधीश ताराचंद यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अध्यक्षता बिसरा राम यादव वरिष्ठ समाज सेवी ने की।

थानखम्हरिया पुलिस ने विद्यार्थियों को यातायात नियम बताकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से थानखम्हरिया पुलिस द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, थानखम्हरिया में यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा सड़क संकेतों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। साथ ही विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार एवं समाज को भी यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित इस जागरूकता शिविर में प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुरेश चौहान, कांस्टेबल मुकेश कुमार चंद्रवंशी एवं दिनेश निषाद ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी तथा उनके प्रश्नों का भी समाधान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य निखिल पाटिल, आचार्य वेदप्रकाश जायसवाल, आचार्या मंजु ठाकुर एवं पूर्णिमा गौतम, तीजन सिन्हा सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

यातायात जागरूकता अभियान

पालन करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने थानखम्हरिया पुलिस के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन से भेंट कर जताया आभार

स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग व मार्केटिंग के जरिए छग में तैयार होगा 'सहकारिता मॉडल':डॉ. निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सहकार से समृद्धि': सिम्पली देसी मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव ने सौरव को सौंपा राज्य सलाहकार का दायित्व

सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सिम्पली देसी मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव ने डॉ. सौरव निर्वाणी को छत्तीसगढ़ राज्य सलाहकार नियुक्त किया, सहकारिता विस्तार की नई जिम्मेदारी सौंपी, सिंपलीदेशी केंद्र के सहकारिता मंत्रालय के अधीनस्थ मल्टीस्टेट कोऑप्रेटिव संस्थान है जो राज्य के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाज़ार उपलब्ध कराती है।

संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंकर दत्त तिवारी नई दिल्ली द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार डॉ. निर्वाणी मानद आधार पर राज्य में सहकारिता के विस्तार, संगठन सुदृढ़ीकरण, व्यवसाय विकास तथा रणनीतिक मार्गदर्शन का दायित्व निभाएंगे। नियुक्ति के उपरांत डॉ. सौरव निर्वाणी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास में सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया तथा प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई गति देने के विषय में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार सहकारिता आधारित स्वरोजगार, महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमिता को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों, युवाओं एवं महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है,मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नव नियुक्त राज्य सलाहकार डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा,किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं और छोटे उद्यमियों को सहकारिता से जोड़कर उन्हें उत्पादन, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी।

हमारा प्रयास होगा कि सहकारिता केवल एक संस्था न रहकर जन-आंदोलन का रूप ले और छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय मॉडल बने। डॉ. निर्वाणी ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता आधारित नेटवर्क का विस्तार, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा रोजगार सृजन के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इस अभियान से जोड़कर सहकारिता को जनभागीदारी का प्रभावी माध्यम बनाया जाएगा। इस दौरान डॉ निर्वाणी के साथ भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी भी उपस्थित रहीं।

विधायक निधि से कंप्यूटर खरीदी में करोड़ों का भ्रष्टाचार निष्पक्ष जांच हो: छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने साजा व बेरला क्षेत्र की खरीदी पर उठाए सवाल
- कार्रवाई नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने साजा विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से कंप्यूटर खरीदी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में विधायक निधि का जिस तरह दुरुपयोग किया गया है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। उनके अनुसार एक-एक कंप्यूटर खरीदी में शासन को 70 से 80 लाख रुपये तक का नुकसान पहुंचाया गया और पिछले दो वर्षों से विधायक निधि में सुनियोजित तरीके से बंदरबांट की जा रही है।

पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने आरोप लगाया कि शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये की लूट मचाई गई है। उन्होंने कहा कि साजा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ बेमेतरा विधानसभा की बेरला तहसील में भी इसी प्रकार की कंप्यूटर खरीदी की शिकायतें सामने आई हैं। उनके मुताबिक प्रत्येक स्कूल के लिए अलग-अलग आवंटन कर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को खरीदी का माध्यम बनाया गया तथा बिलासपुर की एक फर्म से कंप्यूटर खरीदे गए। उन्होंने सवाल उठाया कि करोड़ों रुपये की खरीदी के बावजूद न तो तकनीकी परीक्षण कराया गया और न ही नियमानुसार निविदा आमंत्रित की गई। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकारी नियमों के अनुरूप जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी क्यों नहीं की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर तबादले का भय दिखाया गया और प्रति स्कूल अलग-अलग खरीदी दिखाकर पूरे भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की तरह जिला खनिज न्यास मद में भी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

पूर्व विधायक ने कहा कि जनता के खून-पसीने की कमाई को भाजपा नेता अपनी पुश्तैनी संपत्ति समझकर लूट रहे हैं, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए आवंटित राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और मितव्ययिता के साथ होना चाहिए। यदि पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस जिलेभर में बड़ा आंदोलन करेगी।

वार्ड, मंडल व बूथ स्तर पर बैठकें, घर-घर जाकर सुनी जनता की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग की कार्यकारिणी बैठक राजीव भवन शनिचरी बाजार में हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, जनसमस्याओं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी चरणबद्ध जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिलों से प्रभावित उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे, ताकि आम जनता की शिकायतों का व्यवस्थित संकलन कर शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जा सके। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक समान आवेदन प्रारूप तैयार कर सभी वार्डों एवं बूथों तक उपलब्ध कराया जाएगा। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि आज प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिल आम नागरिकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। आम उपभोक्ता बिना कारण बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान है और सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय केवल वसूली पर ध्यान दे रही है। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर हर स्तर पर संघर्ष करेगी। बैठक में संगठन विस्तार पर भी विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा, ताकि जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर कांग्रेस प्रभावी ढंग से जनता के बीच कार्य कर सके। इस अवसर पर रायसिंह दिकोला, सुशील भारद्वाज, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, आनंद देव ताम्रकार, देवश्री साहू, मनीष बघेल, अब्दुल गनी, शिव वैष्णव, सुभाष पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

रेलवे टिकट काउंटर पर मिला टिकट दलाल, आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

दुर्ग। दुर्ग आरपीएफ ने टिकट दलालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। टिकट काउंटर में एक व्यक्ति संदिग्ध नजर आया, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई, तो उसके पास दो टिकट मिले। आरोपी का नाम वार्ड-10 दुर्ग निवासी शकिल खान बताया गया है। उसके वाट्सएप पर अन्य

टिकटों के डिटेल और लेन-देन की जानकारी मिली। पूछताछ में पता चला कि आरोपी टिकट दलाल है। इसके बाद उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। आरपीएफ थाना प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा बताया कि सहायक उपनिरीक्षक डीके सिंह व स्टाफ द्वारा रिजर्वेशन काउंटर पर नज़र रखी जा रही थी। टिकट काउंटर में चेक करने के दौरान एक बाहरी व्यक्ति के पास से 2 नग रेलवे आरक्षित काउंटर टिकट, रिजर्वेशन फॉर्म मिला तथा मोबाइल चेक करने पर वाट्सएप पर ग्राहकों का टिकट बनाने संबंधित विवरण व काउंटर टिकट की छाया प्रति मिली। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल लिया। उसके विरूद्ध रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पेंशनरों की समस्याओं को लेकर हुआ मंथन

अण्डा। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की तहसील शाखा गुण्डरदेही के तत्वावधान में ग्राम अंडा स्थित अटल चौक चंद्राकर भवन में पेंशनरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंडा क्षेत्र के 55 पेंशनरों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में डीपी चंद्राकर, जीके सुकतेल, पूर्णिमा चंद्राकर, मीना धीवर सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरदेव लाल दिल्लीवार, गिरजाशंकर अग्निहोत्री, हरिवंश मिश्रा एवं श्री चंद्राकर ने उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, पेंशनरों के अधिकारों तथा आपसी सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यकारी अध्यक्ष अशोक साहू ने पेंशनरों के समक्ष आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है और संबंधित विभागों तक उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

देश के जवानों की बताई शौर्य गाथा वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

भिलाई। कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और देश के जवानों की शौर्य गाथा को लोगो तक पहुंचाने के लिए कांती-दर्शन महाविद्यालय, कोसा नगर भिलाई में गुरुवार को कारगिल विजय दिवस देश भक्ति के सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, देशभक्ति नृत्य एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आरके श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, डॉ. प्राची और संचालक आशुतोष जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान को स्मरण किया।

कीर्तीशेष सम्मान से नवाजी गई स्व. डॉ. तीजन बाई, घरवालों को सौंपा सम्मान

भिलाई। अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था के बैनर तले स्वर्गीय राम मोहनन की स्मृति में 2026 का कीर्तीशेष सम्मान प्रख्यात पंडवानी गायिका स्व. डॉ. तीजन बाई को मरणोपरांत प्रदान किया गया। सम्मान गनियारी स्थित उनके गृहग्राम कौशल्या निवास में जाकर शानू मोहनन द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के निर्णायक मंडल व सलाहकार समिति के सदस्यों शिक्षाविद डॉ. हंसा शुक्ला, प्रोफेसर डी. एन. शर्मा एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप भट्टाचार्य की सहमति से यह सम्मान तय किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन राजीव बी अस्थाना वरिष्ठ प्रबंधक इन्कास विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर शानू मोहनन ने कहा स्व. तीजन बाई की संपूर्ण पंडवानी गायिकी की व्याख्या कम समय में संभव नहीं। महज 12-13 वर्ष की उम्र में चंदखुरी से पंडवानी गायन शुरू कर कापालिक विधा में अपना नाम अंकित किया।

पेज 9 का शेष

चातुर्मास में भगवान ...

हुए कहा कि सूर्यदेव का तेज उनकी अनुशासित दिनचर्या और विप्रजनों के प्रति सम्मान का परिणाम है। पंचांग में निर्धारित समय के अनुसार प्रतिदिन उनका उदय होना नियमबद्ध जीवन का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में होने वाली वर्षा जहां धरती को हरियाली और समृद्धि प्रदान करती है, वहीं संत-महात्माओं के ज्ञानमय प्रवचन मानव जीवन को संस्कारित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाते हैं।

बैंक घोटाले का चार ...

स्थानांतरित कर नकद निकासी की गई। जांच में यह भी सामने आया कि कृषि यंत्रीकरण, मत्स्य पालन और किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऋण वितरित किए गए। कई मामलों में सप्लायरों के जीएसटी नंबर फर्जी पाए गए, जबकि बैंक ने उनके दस्तावेजों का सत्यापन तक नहीं किया। कई ऋण ऐसे लोगों को दिए गए जिनके नाम पर भूमि ही नहीं थी या सरकारी भूमि को गिरवी दिखाकर ऋण स्वीकृत कर दिया गया। कई मामलों में मूल्यांकन रिपोर्ट, वैधानिक राय और बैंक की अनिवार्य प्रक्रियाओं का भी पालन नहीं किया गया। बैंक की आंतरिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने बिचौलियों के साथ मिलकर बैंकिंग नियमों को दरकिनार करते हुए फर्जी ऋण स्वीकृत किए, खातों में अनाधिकृत राशि हस्तांतरित की और जाली दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपये का गबन किया। इस पूरे मामले में बैंक को 14 करोड़ 56 लाख 9 हजार 693 रुपये की आर्थिक क्षति हुई थी। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022 में इंडियन ओवरसीज बैंक बेमेतरा के शाखा प्रबंधक रज्जू पाटनवार ने क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में तत्कालीन शाखा प्रबंधक विनीत दास, कमलेश सिन्हा, जोहन सिंह वर्मा, नागेश कुमार वर्मा और टीकाराम माथुर पर बैंक के साथ आपराधिक षड्यंत्र कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप पाए गए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक षड्यंत्र और अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

बेमेतरा को बनाएं प्रदेश ...

मानसून को देखते हुए श्री साव ने किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने, जल संरक्षण, जल संवर्धन और वर्षा जल संचयन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर उनके सुचारु संचालन पर भी जोर दिया। साथ ही बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आदिवासी विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी स्वीकृत परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, तालाबों एवं नहरों के जीर्णोद्धार, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण और स्वच्छता अभियान को भी प्राथमिकता देने को कहा। शिक्षा और खेलों पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने समीक्षा बैठक के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

दो बाइकों की सीधी भिड़ंत ...

पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

लोन का झांसा देकर युवाओं से करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। पैसों का लालच देकर युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी ऋषभ शर्मा को पद्मनाभपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जानकारी अनुसार आरोपी केलाबाड़ी निवासी ऋषभ शर्मा अपने साथियों के साथ मिलकर युवाओं को आसान लोन दिलाने और उनकी ईएमआई खुद भरने का झांसा देता था। इसके बाद उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के जरिए इलेक्ट्रॉनिक व अन्य सामान फाइनेंस पर खरीदवाता था। सामान खरीदने के बाद आरोपी उसे दुकानदारों को बेच देता था। पुलिस के मुताबिक कुछ दुकानदारों से मिलीभगत कर वह सामान अपने पास रख लेता था और इस तरह युवाओं को कर्ज के बोझ में छोड़कर खुद फायदा उठाता था। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पैसों के प्रलोभन में सैकड़ों युवाओं को अपने जाल में फंसाकर धोखाधड़ी की। इस मामले में कई पीड़ितों ने 24 मई को पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था। पद्मनाभपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में उसके अन्य साथियों और पूरे नेटवर्क की भी जांच जारी है।

समोदा में अफीम की खेती मामले में चालान पेश, 8 अगस्त से होगा ट्रायल

दुर्ग। जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा में मिली अफीम की खेती के मामले में गुरुवार को पुलिस ने चालान पेश कर दिया। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश पुरुषोत्तम सिंह मरकाम के न्यायालय में चालान पेश किया गया। कोर्ट ने अब इस मामले में सुनवाई की तारीख 8 अगस्त तय की है। इसके साथ ही ट्रायल शुरू होगा। 8 अगस्त को ही आरोप तय किए जाएंगे। इसके बाद सुनवाई शुरू होगी। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई, मनीष उर्फ गोलू ठाकुर, छोटू राम विश्नोई, रणछोड़ राम, सुनील देवासी, मदरूपा राम और सुखाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। उक्त सभी आरोपी जेल में है। खबर है कि दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनके बारे में पतासाजी की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल से 14,30,100 नग अफीम के पौधे जब्त किए थे, जिसकी कीमत करीब 7.88 करोड़ रुपए आंकी गई है। करीब 5 एकड़ में खेती की जा रही थी। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों ने अफीम के पौधों से तैयार अन्य मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने अफीम के फल में चीरा लगाने वाला चाकू, बैंक रिकॉर्ड, एटीएम, पैनकार्ड, हिसाब-किताब के दस्तावेज, मोबाइल, डोडा, दो ट्रैक्टर, दो जेसीबी, एक हार्वेस्टर, दो मोटरसाइकिल, दो समर्सिबल पंप, सीसीटीवी कैमरा, सोलर प्लेट, मिक्सी, न्यू जय अंब बाइडिंग एंड ट्रेडिंग का चालान, ऑनलाइन पेमेंट स्क्रीन सहित अन्य दस्तावेजों की जब्ती प्रस्तुत की है।

आयोजन : मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

एल्डरमैन जनसेवा और विकास की कड़ी, भिंभौरी को नई पहचान दिलाने का करेंगे कार्य : विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

नगर पंचायत भिंभौरी के साहू सामुदायिक भवन में गुरुवार को एल्डरमेन याने मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नगर पंचायत भिंभौरी के नवनियुक्त एल्डरमैन ओमप्रकाश यदु, पाटिल एवं कोमल नेवल को एसडीएम दीप्ती वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि एल्डरमेन की नियुक्ति केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनसेवा और विकास को नई ऊर्जा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भिंभौरी नगर पंचायत भी इस विकास यात्रा में तेजी से आगे बढ़ेगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि नगर पंचायत के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एल्डरमेन अपने अनुभव, सामाजिक सरोकार और जनहित की भावना के साथ नगर की आवश्यकताओं को समझते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक भवनों का विकास, नागरिक सुविधाओं का विस्तार तथा युवाओं और महिलाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विधायक श्री साहू ने सभी नवनियुक्त एल्डरमेन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दायित्व सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह अवसर दिया है, उस विश्वास पर खरा उतरना ही उनका सबसे बड़ा दायित्व होगा।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिहा, उपाध्यक्ष पुष्पा रोशन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, मंडल महामंत्री उत्तम देवांगन, देवदत्त साहू सहित नगर पंचायत के पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

देवकर नगर पंचायत के तीन नवनियुक्त एल्डरमैन ने ली शपथ

देवकर। नगर पंचायत देवकर में शासन द्वारा मनोनीत तीन नवनियुक्त एल्डरमैन ने गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

- अंबेडकर मंगल भवन में आयोजित समारोह में विधायक ईश्वर ने विकास कार्यों को गति देने का किया आह्वान

अंबेडकर मंगल भवन में आयोजित समारोह में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा पिंकी मनहर ने मन्नू चक्रधारी, राकेश पाण्डेय एवं ब्रंदी सिन्हा को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पुष्पहार से स्वागत के साथ हुई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने नवनियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीन नए सदस्यों के जुड़ने से नगर पंचायत के विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास की गति तेज करने का आह्वान किया। पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने विश्वास जताया कि सभी एल्डरमैन पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर नगर के विकास को नई दिशा देंगे। वहीं पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि नवनियुक्त एल्डरमैन का अनुभव और मार्गदर्शन नगरहित के निर्णयों तथा विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परपोडी मंडल प्रभारी गोविंद पटेल ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन बनाकर नगर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश सिंह ठाकुर, परपोडी मंडल प्रभारी गोविंद पटेल, जनपद उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा, महामंत्री डॉ. कमलेश साहू, महामंत्री भोज सिन्हा, धमधा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सीहोरे, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल, सेवा सहकारी समिति देवकर के अध्यक्ष बुधारु साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चिंताराम पटेल, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, नगर पंचायत सीएमओ केशराम साहू सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

एल्डरमैन नंदू ने ली शपथ, भाजपा नेताओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ समारोह

बेमेतरा। नगर पालिका परिषद बेमेतरा में शुक्रवार को आयोजित गरिमामय समारोह में राज्य शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन नंदू राठी ने विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रकाश भारद्वाज ने जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की उपस्थिति में उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा संगठन के पदाधिकारी, नगर पालिका के जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि पूर्व में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नंदू राठी ने मंत्री दयाल दास बघेल तथा जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू का नाम एवं फोटो शिलालेख में शामिल नहीं किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए शपथ लेने से इंकार कर दिया था। इसके बाद यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। शुक्रवार को दोबारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विधिवत शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि नगर पालिका में विकास कार्यों को गति देने के लिए संगठन और जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मनोनीत एल्डरमैन नगर के सर्वांगीण विकास, जनहित और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संगठन का उद्देश्य जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के विकास को नई दिशा देना है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि एल्डरमैनों के जुड़ने से नगर पालिका परिषद और अधिक मजबूत होगी। उनके अनुभव और सुझावों से विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा नागरिक सुविधाओं का बेहतर विस्तार किया जा सकेगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ नगर हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, अनिल माहेश्वरी, सभापति पंचू साहू, आकिब मलकानी, नीतू कोठारी, गौरव साहू, राजकुमार खांडे, सजनी यादव, विकास तंबोली, निखिल साहू, राकेश मोहन शर्मा, लक्की साहू सहित नगर पालिका के पार्षद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- पहले शिलालेख में मंत्री दयाल दास बघेल और जिला अध्यक्ष अजय साहू का नाम व फोटो नहीं होने पर शपथ लेने से किया था इंकार

कलेक्ट्रेट के पीछे दलदल में फंसे सरकारी दफ्तर, अधिकारी कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय के कोबिया क्षेत्र में स्थित कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय के पीछे का मार्ग बारिश के बीच दलदल और कीचड़ में तब्दील हो गया है। प्रशासनिक लापरवाही के कारण यहां अब तक पक्की सीसी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालयों तक पहुंचना अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे आयुर्वेद विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय, हथकरघा विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई सहित कई सरकारी कार्यालय संचालित हैं। इन कार्यालयों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और हितग्राही पहुंचते हैं, लेकिन बारिश के कारण पूरा मार्ग कीचड़ और फिसलन से भर जाने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का कहना है कि हर वर्ष मानसून के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना भी जोखिमभरा हो गया है और कई बार लोग फिसलकर चोटिल होने से बाल-बाल बच रहे हैं। इसका असर शासकीय कार्यों की गति पर भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका से मांग की है कि कलेक्ट्रेट के पीछे के इस मार्ग पर शीघ्र सीसी सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिल सके और सरकारी कार्यालयों तक सुगम आवागमन सुनिश्चित हो।

- आयुर्वेद, समाज कल्याण, बाल संरक्षण, हथकरघा व पीएमजीएसवाई कार्यालय तक पहुंचना मुश्किल

महिला संगठन को मजबूत कर स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को दानवीर भामाशाह भवन दुर्ग रोड बेमेतरा में जिला स्तरीय महिला बैठक का आयोजन किया गया।

- जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की बैठक
- महिला सशक्तिकरण और लघु उद्योगों पर दिया जोर

बैठक में महिला संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ संयोजिका दिव्या कलिहारी थीं। विशिष्ट अतिथि दुर्ग संभाग संयोजिका पूनम साहू एवं प्रदेश संगठन सचिव रीना साहू रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महिला प्रकोष्ठ संयोजिका लक्ष्मी साहू ने की। बैठक में महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी गई।

महिला स्वसहायता समूहों का गठन कर मशरूम उत्पादन, आचार, पापड़, बड़ी, दोना-पत्तल, अगरबत्ती निर्माण सहित अन्य लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त महिला ही परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम में संभाग महामंत्री मनीषा साहू, दुर्ग जिला साहू संघ उपाध्यक्ष चंद्रिका रानी साहू, जिला संरक्षिका सरस्वती साहू, सहसंरक्षिका कमला साहू, रामेश्वरी साहू, सचिव ममता साहू, बेमेतरा तहसील महिला प्रकोष्ठ संयोजिका शीलू साहू, पूर्व उपाध्यक्ष कमला साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य कविता साहू, करूणा साहू, कोमल साहू, जया साहू, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, महासचिव बेनूराम साहू, जिला संस्कृति प्रकोष्ठ संयोजक भारत साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, मीडिया प्रभारी ताम्रध्वज साहू सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला महिला प्रकोष्ठ संयोजिका लक्ष्मी साहू ने किया।

30 छात्राओं को मिली साइकिल शिक्षा की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय हाईस्कूल नरी में शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की माँ सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं में नवप्रवेशी 30 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई।

योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। छात्राओं की दर्ज संख्या व नियमित उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर प्राचार्य ने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच लोकेश साहू,

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम किसुन साहू ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। संस्था के प्राचार्य उपसरपंच जकलू साहू, गजेंद्र गोस्वामी, टोपेश्वर, रुपेन्द्र, छोटूराम सहित उपस्थित पालकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में व्याख्याता संजय वर्मा, उर्वशी साहू, चौवन सिंह साहू सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा से सजा 14वां सावन मड़ई उत्सव

बेमेतरा की अपराजिता शुक्ला बनीं 'सावन क्वीन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सामाजिक संस्था सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा आयोजित 14वें /"सावन मड़ई/" उत्सव में इस वर्ष बेमेतरा शहर की अपराजिता शुक्ला को /"सावन क्वीन-2026/" चुना गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं से सजे इस आयोजन ने महिलाओं को बचपन की यादों से फिर रूबरू करा दिया।

- भौंरा, बांटी, गेड़ी, रस्सी कूद और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों ने ताजा की बचपन की यादें

संस्था की अध्यक्ष दीप्ति दुबे ने बताया कि परिषद पिछले 14 वर्षों से लगातार इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और पारंपरिक खेलों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं परिवार और समाज की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं, लेकिन बचपन में खेले जाने वाले भौंरा, बांटी, गेड़ी, रस्सी कूद और खो-खो जैसे पारंपरिक खेल उनसे दूर होते जा रहे हैं। ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं, बल्कि बचपन की मधुर स्मृतियों को भी ताजा कर देते हैं। सावन क्वीन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा शिक्षा, व्यक्तित्व, सौंदर्य, आत्मविश्वास और सामान्य ज्ञान के आधार पर किया गया। सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपराजिता शुक्ला ने 'सावन क्वीन' का ताज अपने नाम किया।

लोक संस्कृति को सहेजने का संदेश : आयोजन के माध्यम से परिषद ने यह संदेश दिया कि आधुनिक दौर में भी पारंपरिक खेल और लोक संस्कृति समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पुरानी यादों को ताजा करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

पारंपरिक खेलों में दिखा गजब का उत्साह

सावन मड़ई में महिलाओं ने केवल दर्शक नहीं बल्कि प्रतिभागी बनकर पूरे जोश के साथ खेलों में हिस्सा लिया। गेड़ी पर संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की होड़, बांटी में सटीक निशानेबाजी, गिल्ली-डंडा की पुरानी शैली और भौंरा घुमाने की कला ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भौंरा जमीन पर पटकने के बाद नेती के सहारे हथेली पर उठाने की कोशिश ने बचपन की यादें ताजा कर दीं। वहीं रस्सीकूद और खो-खो प्रतियोगिताओं में भी महिलाओं ने भरपूर उत्साह दिखाया।